फर्द अहकाम

सना देवी बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्याः 283/2025

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
09.04.2025	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् हिस्सा ऐकिकरण शुद्धिकरण पेश किया। पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् हिस्सा ऐकीकरण दुरूस्ती स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार सांगानेर को वाके ग्राम बगरू रवान, पटवार हल्का अवानिया, भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बगरूकलां, तहसील सांगानेर में स्थित खाता संख्या 152 में अंकित खातेदार सवाई सिंह पुत्र मोहनसिंह हिस्सा 1/6 व सवाई सिंह पुत्र मोहनसिंह हिस्सा 1/3 को एक करके सवाई सिंह पुत्र मोहनसिंह हिस्सा 1/2 दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 09.04.2025 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	